दिनांकः 08.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राश्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार की भ्रश्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से देष में भ्रश्टाचार जड़ से समाप्त होने का विष्वास जताया।
- खान और पैट्रोलियम विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री समिट में 63 हजार 463 करोड़ रुपये के एमओयू हुए।
- प्रदेष के सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान की जा रही कार्रवाई में अब तक 92 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी और अवैध षराब की जब्ती।
- केन्द्र सरकार की राश्ट्रीय षिक्षण सप्ताह पहल, कर्मयोगी के तहत अधिकारियों और कार्मिकों ने 38 लाख घंटे से अधिक का प्रषिक्षण प्राप्त किया।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया है कि सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से भ्रष्टाचार जड़ से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में सत्यनिष्ठा और अनुशासन को जीवन का आदर्श माना जाता है। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए।

...............

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई में देरी या कमजोर कार्रवाई अनैतिक व्यक्तियों को बढ़ावा देती है। हालाँकि उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि हर कार्य और व्यक्ति को संदेह की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई का उद्देश्य समाज में न्याय और समानता की स्थापना होना चाहिए।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खान और पेट्रोलियम क्षेत्र के निवेशकों से आगामी राइजिंग राजस्थान समिट में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव के साथ आने का आह्वान किया है। उन्होंने विभाग के राइजिंग राजस्थान प्री समिट में कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के अनुकूल वातावरण बनाया गया है, जिससे प्रदेश की प्रगति, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित होंगे।

इस अवसर पर 63 हजार 463 करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में माइनिंग सेक्टर की प्रमुख भूमिका है और नई खनिज नीति निवेशोंन्मुखी है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में देश–विदेश के निवेशक भाग लेंगे। समिट में राज्य की खनिज संपदा, औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों पर चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक लाख 41 हजार 184 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इस बीच आज राजधानी में जयपुर जिले के अलावा जयपुर ग्रामीण और दूदू की इन्वेस्टर मीटर आयोजित की गई।

अजमेर और केकड़ी में आयोजित जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मौजूद रहीं। अजमेर में मीट के दौरान 14 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू हुए। इनमें मार्बल, ग्रेनाईट, टैक्सटाइल,

चिकित्सा, शिक्षा, होटल और रिसोर्ट, खनन, सोलर, एग्रो, फूड, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य क्षेत्रों में नए उद्यम की स्थापना के प्रस्ताव शामिल हैं। इनके द्वारा लगभग 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
केकड़ी में 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक के 239 एमओयू साइन किए गए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि राज्य में निवेशकों के लिए अनुकूल व्यापारिक माहौल तैयार किया जा रहा है।

000

भीलवाडा में हुए इन्वेस्टर मीट में जिले की प्रभारी और महिला बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार ने शिरकत की। उन्होंने मीट की उपलब्धियों की जानकारी दी।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज ऑस्ट्रेलिया के कैनबेरा में स्थित ऑस्ट्रेलियन पार्लियामेंट में विपक्षी दल के प्रमुख सांसद और पूर्व मंत्री अलेक्स हॉक से शिष्टाचार भेंट की। श्री देवनानी और श्री हॉक ने भारत और ऑस्ट्रेलिया की संसदीय प्रणाली के विकास में संसदीय पद्धति और प्रक्रियाओं की भूमिका, लोकतांत्रिक प्रणाली और शिक्षा तथा पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सम्भावनाओं पर विचार–विमर्श किया। श्री देवनानी ने बताया कि राजस्थान में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट 2024 का आयोजन किया जा रहा है।

000

राज्य में विधानसभा की सात सीटों पर होने वाले उपचुनाव के दौरान स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालना की जा रही है। चुनाव के दौरान अवैध नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और अन्य सामग्री के मुफ्त वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियां और निगरानी दल इन वस्तुओं की धरपकड़ के लिए लगातार सक्रिय हैं और 7 जिलों में अब तक कुल 92 करोड़ 68 लाख रुपये की नकदी और अवैध शराब सहित अन्य सामग्री जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए राज्य पुलिस ने सबसे ज्यादा 76 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती की है। उन्होंने बताया कि सभी एजेंसियों ने 7 जिलों में कुल मिलाकर 4 करोड़ 22 लाख रुपये की नकद राशि पकड़ी है। इस दौरान साढे 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब और 42 लाख रुपये कीमत के नशीले पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। लगभग सवा करोड़ रुपये मूल्य का सोना–चांदी और अन्य कीमती धातुएं भी बरामद की गई हैं।

प्रदेश में उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। दौसा में जिला स्वीप टीम ने एक संस्था के सहयोग से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें नुक्कड़ नाटक "लोकतंत्र में नारी की भूमिका", मतदान गीत और अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गईं।

डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने सभी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों और सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।

000

राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष में दीर्घकालीन सहकारी कृषि ऋण के लिए 7 प्रतिशत और गैर कृषि ऋणों पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान देने की घोषणा की है। यह अनुदान इस वित्तीय वर्ष में वितरित ऋणों को समय पर चुकाने पर दिया जाएगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस योजना के माध्यम से समय पर ऋण की किस्तों का भुगतान करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के लिए कुल 39 करोड़ 75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

000

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लम्बित बीमा दावों के निपटारे के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शीघ्र बीमा क्लेम वितरित कराएं। वर्ष 2017 से 2022–23 तक बीमा कंपनियों में लगभग 77 करोड़ 98 लाख रुपये के बीमा दावे लम्बित हैं। लम्बित दावों के निस्तारण के लिए कृषि पर्यवेक्षक और सहायक कृषि अधिकारी शिविर लगाकर प्रभावित किसानों के आवश्यक दस्तावेज इकट्ठा करेंगे।

राज्य सरकार ने इस महीने तक लम्बित बीमा क्लेम शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए हैं। श्री मीणा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए सक्रियता से काम कर रही हैं।

000

केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह पहल, कर्मयोगी के तहत अधिकारियों और कार्मिकों ने 38 लाख घंटे से अधिक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 19 से 27 अक्टूबर तक मनाए गए शिक्षण सप्ताह के तहत 45 लाख से अधिक पाठ्यक्रम शामिल किए गए। इस दौरान 4 लाख 30 हजार प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लेने के लिए कम से कम चार घंटे समर्पित किए।

000

पाली में आज प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर लगया गया। विद्युत विभाग की ओर से ये कार्यक्रम धोला चौतरा में आयोजित किया गया। इसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा घरों पर सौर पैनल स्थापित करना और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000